"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 14] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 अप्रैल 2007 — चैत्र 16, शक 1929

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 फरवरी 2007

क्रमांक ई-1-01/2007/एक/2.—श्री नारायण सिंह, भा. प्र. से. (1977) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं श्रम विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक श्रम आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

2. श्री नारायण सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. डी. पी. राव श्रम आयुक्त के प्रभार से मुक्त होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवराज सिंह, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2007.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2007

क्रमांक 2674/डी-869/21-ब/छ. ग./2007.—इस विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 1949/डी-746/21-ब/छ. ग./07 दिनांक 27-2-2007 को अतिष्ठित करते हुए तथा छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय अधिनियम 1958 (क्रमांक 19 सन् 1958) की धारा 4 की उपधारा (1) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की सिफारिश पर नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्थानों पर "फास्ट ट्रेक कोर्ट्स" का गठन तथा स्थापना करती है जो संबंधित पीठासीन अधिकारी के उक्त स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रभावशील होगी :-

अनु. क्र.	जिले का नाम	स्थान का नाम	फास्ट ट्रेक कोर्ट की संख्या
1.	जगदलपुर	कोंडागांव	1
2.	कांकेर	भानुप्रतापपुर	1
3.	बिलासपुर	बिलासपुर	2
		मुंगेली	1
		पेंड्रारोड	1
4.	जांजगीर	जांजगीर	1
5.	कोरबा	कोरबा	1
6.	दुर्ग	दुर्ग	6
		बालोद	1
7.	रायगढ़	रायगढ़	2
8.	रायपुर	रायपुर	6
9.	धमतरी	धमतरी	1
10.	कबीरधाम (कवर्धा)	कवर्धा	1
11.	सरगुजा (अंबिकापुर)	अंबिकापुर	1
		सूरजपुर	1
		प्रतापपुर	1
		रामानुजगंज	2
12.	कोरिया (बैकुंठपुर)	मनेन्द्रगढ़	1
		योग	31

Raipur, the 21st March 2007

No. 2674/D-869/21-B/C. G./2007.—In exercise of the powers conferred by the proviso to sub-section (1) of Section 5 of the Chhattisgarh Civil Court Act, 1958 (No. 19 of 1958) and in supersession of the Notification No. 1949/D-746/21-B/C. G./2007, Raipur dated 27-2-2007 of this department, the State Government, on the recommendations of the High Court of Chhattisgarh, hereby constitutes and establishes "Fast Track Court" Specified in Schedule below with effect from the date of the presiding Judge take over charge at these places :-

SCHEDULE

S. No.	Name of District	Name of Place	No. of Fast Track Courts
1.	Jagdalpur	Kondagaon	1
2.	Kanker	Bhanupratappur	1
3.	Bilaspur	Bilaspur	2
		Mungeli	1
		Pendra Road	1
4.	Janjgir	Janjgir	1
5.	Korba	Korba	1
6.	Durg	Durg	6
		Balod	1
7.	Raigarh	Raigarh	2
8.	Raipur	Raipur	6
9.	Dhamtari	Dhamtari	1
10.	Kabirdham (Kawardha)	Kawardha	1
11.	Sarguja (Ambikapur)	Ambikapur	1
		Surajpur	1
		Pratappur	1
		Ramanujganj	2
12.	Koriya (Baikunthpur)	Manendragarh	1
		Total	**31**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. पाठक, उप-सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 मार्च 2007

क्रमांक 567/2357/32/06.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उपधारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक 2610/2357/32/2006 दिनांक 29-12-2006 द्वारा कोरबा विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

कोरबा विकास योजना के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना अंगीकृत में भू-उपयोग का विवरण	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	रिसदी	296/4	1.73	आवासीय	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक
			11.84	उद्यान	
			2.43	मार्ग	
		296/5	2.00	उद्यान	
2.	खरमोरा	296/5	5.35	वाणिज्यिक, उद्यान	
			3.57	मार्ग	
		योग	**26.92**		
		-	**6.00**	**मार्ग**	
		कुल योग	**20.92 एकड़**		

सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं. अत: राज्य शासन एतद्द्वारा कोरबा विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण कोरबा विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. बजाज, विशेष सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2007

क्रमांक 643/30/1/सं./2007.—अर्थाभावग्रस्त साहित्यकारों/कलाकारों एवं उनके परिवारों को कलाकार कल्याण कोष से सहायता देने हेतु गठित कार्यकारी समिति में डॉ. देवेश दत्त मिश्र, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाटककार, मेसनेट 12, सेक्टर-1 शंकर नगर छत्तीसगढ़, रायपुर को सदस्य मनोनीत किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. राधाकृष्णन, प्रमुख सचिव.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 सितम्बर 2002

क्रमांक/3687/1056/2002/55.—छत्तीसगढ़ सह-चिकित्सकीय परिषद् अधिनियम-2001 (क्रमांक-25 सन् 2001) की धारा-49 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम की अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है :-

संशोधन

उक्त अनुसूची में :-

1. अनुसूची में, अनुक्रमांक-31 के पश्चात् निम्नलिखित अनुक्रमांक 32 तथा 33 अन्त:स्थापित किया जाये, अर्थात :-

"32. कम्यूनिटी मिडवाइफरी.
33. सह-चिकित्सा प्रमाण-पत्र."

Raipur, the 26th September 2007

No. 3687/1056/2002/55.—In exercise of the powers conferred by Section 49 of the Chhattisgarh Sah-Chikitsakiya Parishad Adhiniyam, 2001 (No. 25 of 2001), the State Government, hereby makes the following amendment in Schedule of the said Act :-

AMENDMENT

In the said Schedule :-

1. In Schedule, after serial number 31, the following serial number 32 and 33 shall be inserted, namely :-

"32. Community Midwifery.
33. Paramedical Certificate."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आलोक शुक्ला, सचिव.

गृह (सामांन्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2007

क्रमांक एफ-9-14/दो/गृह/07.—वन विभाग के वन क्षेत्रपालों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जनवरी, 2007 को प्रश्न पत्र "प्रक्रिया प्रश्नपत्र -1 (बिना पुस्तकों सहित)" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :-

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	श्री अनिल भास्करन	वनपाल

(1)	(2)	(3)
2.	श्री राकेश चौबे	उप वन क्षेत्रपाल

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2007

क्रमांक एफ-9-16/दो/गृह/07.—वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जनवरी, 2007 को प्रश्न पत्र "कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :-

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री सुनील चौधरी	अतिरिक्त वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर
2.	कु. मीना मिश्रा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	उच्चस्तर
3.	श्री गोपाल वर्मा	वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर
4.	कु. नीलमणी टोप्पो	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2007

क्रमांक एफ-9-26/दो/गृह/07.—पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 25 जनवरी, 2007 को प्रश्न पत्र "न्यायिक शाखा" (बिना पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :-

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
1.	श्री डी. रविशंकर	उप पुलिस अधीक्षक

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2007

क्रमांक एफ-9-37/दो/गृह/07.—वन विभाग के सहायक वन संरक्षकों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जनवरी, 2007 को प्रश्न पत्र "प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित)" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :-

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
1.	श्री नवीद शुजाउद्दीन	आई. एफ. एस.

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2007

क्रमांक एफ-9-42/दो/गृह/07.—ऊर्जा विभाग के विद्युत निरीक्षकों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 23 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "लेखा व स्थापना प्रश्न पत्र-4" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :-

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
1.	श्री सी. एस. खान्डे	सहायक अभियंता (वि. सु.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय पिल्ले, सचिव.

गृह (परिवहन) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 18 फरवरी 2007

क्रमांक एफ-5-58/दो/आठ-परि./06.—मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 59) की धारा-88 की उपधारा-6 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, छत्तीसगढ़ राजपत्र 03 नवंबर-2006 के पृष्ठ क्रमांक-2118, पर छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य के मध्य पारस्परिक करार का प्रकाशन कर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किये गये थे.

आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस नियत थी. नियत तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई. आपत्तियों पर सुनवाई हेतु दिनांक 27-01-2007 निर्धारित की गई थी. सुनवाई के समय कुछ बस संचालकों द्वारा सुझाव दिये गये, उसकी पूर्ति हेतु प्रस्तावित पारस्परिक यातायात करार में पूर्व से प्रावधानित होने के कारण उनका निराकरण स्वमेव हो गया. अत: प्राप्त सुझाव पर पृथक से विचार नहीं किया गया.

अत: अब राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्यों मे मध्य पारस्परिक परिवहन करार का अंतिम प्रकाशन निम्नानुसार किया जाता है :-

छत्तीसगढ़ सरकार और मध्यप्रदेश सरकार के मध्य पारस्परिक परिवहन करार

यह करार दिनांक 26 मई 2006 तदनुसार शक संवत् 1928 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल (जिन्हें आगे "छत्तीसगढ़ सरकार" कहा गया है, और जिसमें पदासीन उनके उत्तराधिकारी भी सम्मिलित है) प्रथम तथा मध्यप्रदेश के राज्यपाल (जिन्हें आगे "मध्यप्रदेश सरकार" कहा गया है, और जिसमें उनके पदासीन उत्तराधिकारी भी सम्मिलित है) द्वितीय पक्ष के बीच किया गया है.

चूंकि प्रदेश में त्वरित आर्थिक विकास तथा छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्य की समीपस्थता को ध्यान में रखते हुए यह समीचीन समझा गया कि उक्त दोनों राज्यों के बीच यात्रियों और माल की लम्बी दूरी के अन्तर्राज्यिक परिवहन को प्रोत्साहित किया जाये, और उनके प्रचलन को विनियमित समन्वित और नियंत्रित किया जाये, इसलिए उक्त दोनों पक्ष परिस्थितियों एवं वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप एक करार करने के लिए सहमत है.

अतएव, अब उक्त पक्षों द्वारा उनके बीच निम्नलिखित करार किया जाता है :-

1. यह पारस्परिक परिवहन करार दिनांक 26 मई 2006 से प्रवृत्त होगा, तथा उस समय तक विद्यमान रहेगा जब तक कि दोनों राज्यों के बीच नया करार या उसका पुनर्विलोकन न हो जाये, या दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा दूसरी पक्ष को छ: मास की सूचना देखकर विद्यमान करार को विखण्डित न कर दिया जाये.

2. **मालयान के अनुज्ञा-पत्र-**

(एक) मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 79 के अधीन मालयान के अनुज्ञा-पत्र- अन्य राज्य के सम्पूर्ण भाग के लिए प्रत्येक राज्य द्वारा जारी मालयानों की संख्या पर निर्बंधन के बिना मालयान के लिए अनुज्ञा-पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर, संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकारी की सिफारिश पर अन्य राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा एकल बिन्दु कराधान के आधार पर किया जायेगा, प्रतिहस्ताक्षर निम्नलिखित शर्तों के अधीन किये जायेंगे -

(क) यदि करारकर्ता राज्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षर नहीं कराया गया है तो एक बिन्दु कर का लाभ नहीं मिलेगा.

(ख) मालयान अनुज्ञा-पत्र, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-79 में विनिर्दिष्ट और संबंधित राज्य में प्रवृत्त राज्य मोटरयान नियमावली के अधीन ऐसी शर्तें, जिन्हें संबंधित परिवहन प्राधिकारी अधिरोपित करने के लिए उचित समझें, के अध्यधीन होंगे.

(ग) यह कि प्रतिहस्ताक्षर द्वारा आच्छादित यान का उपयोग व्यतिकारी राज्य के क्षेत्र के भीतर किन्हीं दो बिन्दुओं पर माल लादने और उतारने के लिए नहीं किया जायेगा, अर्थात् ऐसे यान, व्यतिकारी राज्य के क्षेत्र के भीतर अनन्य रूप से परिवहन कारोबार किये जाने से प्रतिषिद्ध होंगे.

(दो) मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-87 के अधीन मालयान (अस्थायी अनुज्ञा-पत्र) एक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकारी की पूर्व सहमति के बिना और उनकी संख्या पर निर्बंधन के बिना अनधिक 30 दिवस की अवधि के लिए विधिमान्य अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी किये जा सकते हैं. इन अनुज्ञा-पत्रों द्वारा आच्छादित यानों पर अन्य राज्य के क्षेत्र के भीतर किन्हीं दो बिन्दुओं के मध्य माल नहीं लादा और उतारा जायेगा, उन फेरों की संख्या पर कोई निर्बंधन नहीं होगा जो अनुज्ञा-पत्र को विधिमान्यता के दौरान यानों द्वारा निष्पादित किया जा सकते हैं. यह भी करार पाया कि प्रचालक किन्हीं अन्य शर्तों का जिन्हें परिवहन प्राधिकारी मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 79 (2) के अधीन अधिरोपित करना उचित समझे पालन करेगा.

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 87 (1) (घ) के अधीन ऐसे स्थायी अनुज्ञा-पत्रों के नवीनीकरण के लम्बित रहने के दौरान जारी किये गये अनुज्ञा-पत्रों के आधार पर पारस्परिक करारकर्ता राज्य के परिवहन अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर चलाये जा रहे मालयानों पर एक बिन्दु कर आरोपित होगा, तथा शेष अस्थायी अनुज्ञा-पत्र द्वि बिन्दु कर के आधार पर जारी किये जायेंगे.

3. **ठेका गाड़ी ओमनी बस-**

(एक) मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-74 के अधीन मोटर कैब अनुज्ञा-पत्र

एकल बिन्दु कर आधार पर अन्य राज्य के सम्पूर्ण भाग के लिए प्रत्येक राज्य से सम्बन्धित मोटर कैब ठेका गाड़ियों की संख्या पर निर्बन्धन के बिना मोटर कैब गाड़ियों के अनुज्ञा-पत्रों प्रतिहस्ताक्षर संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकारी की सिफारिश पर दूसरे राज्य के परिवहन अधिकारी द्वारा किया जायेगा. प्रतिहस्ताक्षर इन शर्तों के अध्यधीन होंगे कि यान दूसरे राज्य के क्षेत्र के भीतर किन्हीं दो बिन्दुओं के मध्य किसी यात्री को नहीं चढ़ाये या उतारेगा. एक बिन्दु कर की सुविधा प्रतिहस्ताक्षर होकर चलायी जा रही यानों को ही प्राप्त होगी.

(एक) मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 87 (1) के अधीन अस्थायी ठेका गाड़ी परमिट

अनुच्छेद 9 में उपबन्ध के अधीन, आवश्यकतानुसार एक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा पारस्परिक करारकर्ता राज्य में विनिर्दिष्ट टर्मिनलों को जोड़ने वाले विनिर्दिष्ट मार्गो के लिए उस राज्य में द्विबिन्दु कर आधार पर प्रतिहस्ताक्षर की अपेक्षा के बिना ठेका गाड़ी (ओमनी बस) के लिये अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी किए जा सकेंगे. ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्र पर अन्य राज्यों के देय कर का संदाय इस करार के अनुच्छेद 8 में विहित रीति से किया जायेगा तथापि यदि किसी कारण से ऐसे राज्य द्वारा जारी अनुज्ञापत्र की वैधता अन्य राज्य के क्षेत्र में समाप्त हो जाती है तो ऐसे राज्य का परिवहन प्राधिकारी जिसकी अधिकारिता में वह यान हो, आवश्यक फीस और करों को प्राप्त कर एक नया अनुज्ञापत्र जारी कर सकेगा. ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्र निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे :-

(क) ऐसे अस्थायी अनुज्ञापत्र पारस्परिक करारकर्ता राज्य में पन्द्रह दिन से अनधिक कालावधि के लिए विधिमान्य होंगे.

(ख) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में विनिर्दिष्ट की गई बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों को नहीं ले जाया जाएगा और न ही खड़े रहने वाले यात्रियों को अनुज्ञात किया जाएगा.

(ग) ठेका गाड़ी एक ही पक्ष द्वारा किराए पर ली जाएगी एकल वापसी यात्रा के लिए उपयोग की जाएगी.

(घ) ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्र में बाहर जाने की तारीख तथा वापसी यात्रा की तारीख स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट की जाएगी. यदि किसी अस्थायी अनुज्ञा-पत्र पर ठेका गाड़ी को लगाने वाला कतिपय पक्ष अनुज्ञा-पत्र मंजूर करने के पश्चात् वापसी यात्रा की तारीख बदलवाना चाहता है तो वह ऐसे परिवहन प्राधिकारी से जिसकी अधिकारिता में उस समय ठेका गाड़ी हो, इस बाबत लिखित रूप से अनुज्ञा-पत्र प्राप्त करेगा.

(दो) ठेका गाड़ी के अनुज्ञा-पत्र (मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 (8) के अधीन विशेष अनुज्ञा-पत्र) :-

ये अनुज्ञा-पत्र, पर्यटकों की आवश्यकता के अनुसार दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकारी की पूर्व सहमति के बिना प्रत्येक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा एकल बिन्दु कर आधार पर जारी किये जा सकते हैं. अनुज्ञा-पत्रों में प्रारम्भ और वापसी यात्रा को दर्शाते हुए यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम अन्तर्विष्ट होगा. अनुज्ञा-पत्र में वह क्रम जिसमें ऐसे प्रत्येक स्थान पर आगमन और प्रस्थान के समुचित दिनांक के उपदर्शन सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया जायेगा और मोटर कैब से भिन्न गाड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों की, अनुज्ञा-पत्र प्रदान करने वाले प्राधिकारी द्वारा समुचित रूप से हस्ताक्षरित सूची भी अन्तर्विष्ट होगा.

4. मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-72 के अधीन मंजिली गाड़ी के अनुज्ञा-पत्र

(एक) छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच अन्तर्राज्यिक मार्गों पर मंजिली गाड़ी चलाने के सम्बन्ध में पारस्परिक करार, अनुलग्नक "क" के अनुसार होगा. प्रतिबंध यह होगा कि यदि संलग्नक "क" का कोई मार्ग मध्यप्रदेश राज्य द्वारा अधिसूचित है व राज्य की योजना प्रभावी है, तब मध्यप्रदेश द्वारा योजना के प्रावधान के अनुरूप ही परमिट जारी किया जावेगा.

(दो) परन्तु यह भी कि मध्यप्रदेश राज्य में मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम की समाप्ति के पश्चात् निगम (उपक्रम) के स्थान पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा नाम-निर्दिष्ट संचालकों को इन मार्गों पर पारस्परिक करार में निर्धारित फेरों व अनुज्ञाओं अनुसार चल सकेंगे.

(तीन) परन्तु यह भी कि परिशिष्ट "क" में उल्लिखित कोई मार्ग योजना से प्रभावशील है और यदि उसे उपान्तरण कर निजी संचालकों को छूट दी जाती है तो ऐसे मार्गों पर निजी संचालकों को संचालन की पात्रता होगी.

(चार) परन्तु यह और कि परिशिष्ट "क" में उल्लिखित यदि किसी मार्ग को किसी राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धित राज्य के परिवहन निगम को अनन्य संचालन हेतु अधिसूचित किया जाता है तो वह मार्ग निजी प्रचालकों के लिए स्वत: प्रतिबंधित हो जाएगा.

(पांच) प्रत्येक अन्तर्राज्यिक मार्ग पर प्रत्येक राज्य के लिए आवंटित फेरों की संख्या यथासम्भव प्रत्येक राज्य में पड़ने वाले मार्ग की लम्बाई के अनुसार नियत की जायेगी. इस करार के प्रयोजन के लिए फेरा का तात्पर्य दैनिक एकल फेरा से है. अनुलग्नक "क" में उल्लिखित मार्गों का तात्पर्य उनमें उल्लिखित स्थानों से होते हुए दोनों राज्यों में पड़ने वाले दो टरमिनलों को जोड़ने वाले सबसे कम दूरी के सीधे मार्ग से है. उक्त अनुलग्नक में प्रदर्शित मार्ग के नाम या उसकी लम्बाई में बाद में पायी गयी किसी विसंगति को व्यतिकारी राज्यों के मध्य तत्परता से पत्र-व्यवहार के माध्यम से ठीक किया जाएगा और उसे करार के किसी उपान्तर के रूप में नहीं समझा जायेगा.

(छ:) अनुलग्नक "क" में उल्लिखित मार्गों की समय सारिणी, दोनों राज्यों के अनुज्ञा-पत्र जारी करने वाले प्राधिकारियों द्वारा नियत की जाएगी.

(सात) किसी राज्य में स्थित भाग के लिए यात्री किराया, अपने-अपने राज्य द्वारा नियत किये गये दरों के अनुसार प्रभारित किये जायेंगे.

(आठ) पारस्परिक करार के अधीन आने वाले दोनों राज्यों की मंजिली गाड़ियों के अनुज्ञा-पत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर, एकल बिन्दु कराधान आधार पर किया जायेगा. एकल बिन्दु कर की सुविधा प्रतिहस्ताक्षर होकर चलायी जा रही यानों को ही अनुमन्य होगा.

(नौ) यदि किसी कारण से अनुज्ञा-पत्र के, उसकी समाप्ति के पूर्व, नवीनीकरण के लिए किसी आवेदन-पत्र पर विनिश्चय करना सम्भव न हो तो व्यतिकारी राज्य को सूचित करने के अधीन चार माह तक की अवधि के लिए गृह राज्य मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-

87 (1) (घ) के अधीन अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी कर सकता है और नीचे दिये गये परन्तुक के अध्यधीन ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्रों पर व्यतिकारी राज्य का प्रतिहस्ताक्षर अपेक्षित होगा और मोटरयान को एकल बिन्दु कराधान आधार पर चलाने के लिए प्राधिकृत किया जायेगा.

परन्तु अनुज्ञा-पत्रों के नवीनीकरण के लिए आवेदन-पत्र, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-81 (2) के अधीन नवीनीकरण आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात समय के भीतर सम्बन्धित प्राधिकारी को प्रस्तुत कर दिया गया हो.

(दस) यदि पारस्परिक यातायात समझौते के अन्तर्गत किसी मार्ग पर परमिट प्राप्त करने के उपरान्त किसी राज्य के निगम अथवा निगम से भिन्न संचालक द्वारा किसी दूसरे राज्य में संचालन नहीं किया जा रहा है, तो जिस अवधि में संचालन नहीं हुआ है, उस अवधि का कर प्रतिहस्ताक्षर करने वाले राज्य में केवल उसी दशा में देय नहीं होगा जब प्रतिहस्ताक्षरकर्ता राज्य के कराधान अधिनियम में विहित प्रावधानानुसार अनुज्ञा-पत्र/प्रतिहस्ताक्षर पत्र समर्पित कर दिया गया हो.

(ग्यारह) नये मार्गों पर संचालन की व्यवस्था करने तथा विद्यमान मार्गों पर फेरों की संख्या में वृद्धि करारकर्ता राज्यों के सचिव/प्रमुख सचिवों द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को पूरी करने के पश्चात् की जा सकेगी तथा उनके द्वारा की गयी कार्यवाही को इस करार का अंग माना जावेगा.

(बारह) प्रारम्भिक समय सारिणी का निर्धारण अनुज्ञा-पत्र मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा बिल्कुल अनन्तिम आधार पर किया जावेगा जो अधिकतम चार मास की कालावधि के लिए विधिमान्य होगा और सेवा का तत्काल प्रचालन करने के लिये ऐसा प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा. इस कालावधि के दौरान प्रतिहस्ताक्षर करने वाला प्राधिकारी अनुज्ञा-पत्र मंजूरी करने वाले प्राधिकारी के परामर्श से समय-सारिणी को अन्तिम रूप देगा.

(तेरह) दोनों राज्यों के बसों का संचालन बिन्दु एक ही होगा अर्थात् मध्यप्रदेश राज्य की बसों का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के बस स्टैण्डों तथा छत्तीसगढ़ राज्य की बसों का संचालन यथास्थित मध्यप्रदेश राज्य के बस स्टैण्डों से होगा.

(चौदह) स्थायी/अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी होने/नवीनीकृत होने करने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर परमिटधारी द्वारा सम्बन्धित राज्य परिवहन प्राधिकार को प्रतिहस्ताक्षर हेतु आवेदन करना होगा अन्यथा स्वीकृति अनुज्ञा-पत्र निरस्त किया जा सकेगा.

स्पष्टीकरण :-

(क) किसी मोटरयान के सम्बन्ध में शब्द एकल बिन्दु मोटरयान कर या शब्द एकल बिन्दु कर आधार से अभिप्रेत है. मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 के अंतर्गत प्रतिहस्ताक्षरित श्रेणी के लिये निर्धारित-दर.

(ख) किसी मोटरयान के संबंध में शब्द "द्विबिन्दु कर आधार" से अभिप्रेत है दोनों राज्यों के कर/मोटरयान कर/अति. कर/ को सम्मिलित करते हुए सभी करों के संदाय का दायित्व.

5. **मुक्त जोन :-**

(क) प्रत्येक राज्य के सीमा बिन्दुओं पर या उनके निकट पड़ने वाले स्थानों पर यात्रियों और माल यातायात सुलभ बनाने की सुविधा के लिए यह आवश्यक और समीचीन समझा गया है कि दोनों राज्यों की सीमा के कतिपय बिन्दुओं पर मुक्त जोन के सृजन की व्यवस्था की जाय तथा मुक्त जोन सुविधाओं का लाभ उठाने वाले यानों के लिए, पारस्परिक करारकर्ता राज्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जाना अपेक्षित नहीं होगा.

(ख) उपर्युक्त सिद्धांतों के आधार पर यह करार किया गया कि अन्तर्राज्यीय मार्गों पर पड़ने वाले प्रत्येक राज्य के सीमा बिन्दुओं पर उनके निकट स्थित निम्नलिखित बिन्दुओं/क्षेत्रों/मार्गों, उनके सामने वर्णित शर्तों पर मुक्त जोन के रूप में घोषित किया जाता है :-

(1) अस्थाई अनुज्ञा-पत्रों या अस्थाई अनुज्ञा-पत्रों में समाविष्ट मालयानों या मंजिली गाड़ी, ठेका गाड़ी एवं शिक्षा संस्था की बसों के लिए :-

(एक)	मध्यप्रदेश में अमरकंटक धार्मिक स्थल, उसके चारों ओर 15 कि. मी. अर्ध व्यास के साथ.	कबीरचबूतरा की ओर से आने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त मोटरयानों के लिए

(दो)	मध्यप्रदेश में कान्हा किसली राष्ट्रीय जीव उद्यान एवं उसके चारों ओर 20 कि. मी. अर्ध व्यास के साथ.	चिल्पी, वूपकार की ओर से आने वाले छत्तीसगढ़ से उक्त मोटरयानों के लिये.
(ग)	छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़	लॉजी अथवा सालेटेकरी की ओर से आने वाले छत्तीसगढ़ में उक्त मोटरयानों के लिये.
(तीन)	छत्तीसगढ़ में कबीरचबूतरा	अमरकंटक अथवा डिंडोरी की ओर से आने वाले मध्यप्रदेश में उक्त मोटरयानों के लिये.

(ग) सुविधाजनक तथा पर्याप्त परिवहन सुविधायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से और उपरोक्त करार किये गये मुक्त होने का द्रुत विकास करने के लिये प्रत्येक राज्य द्वारा आवश्यकतानुसार संबंधित प्रवर्गों के अनुज्ञा-पत्र, अपने-अपने मुक्त ज़ोन में सेवाओं के अनन्यत: प्रचालन के लिये फेरों की संख्या पर किसी निर्बन्धन के बिना और पारस्परिक करारकर्ता राज्य के परिवहन प्राधिकार के प्रतिहस्ताक्षर के बिना जारी किये जा सकेंगे. अन्य राज्य में मुक्त जोन सुविधा का लाभ उठा रहे प्रत्येक राज्य के मोटरयानों को उपरोक्त खण्ड के उपखण्ड (घ) में वर्णित सीमा तक पारस्परिक करारकर्ता राज्य के करों से छूट प्राप्त होगी, ऐसे यानों के अनुज्ञा-पत्र पर उसके मुख पृष्ठ पर जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से यह पृष्ठांकित किया जायेगा कि यान को पारस्परिक करार के निबंधन के अधीन अन्य राज्य के संबंधित मुक्त जोन में प्रचालन के लिये अनुज्ञात किया गया है.

(घ) हस्ताक्षरकर्ता दोनों राज्य, मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (1) के साथ पठित धारा 96 (2), (दस) के अधीन यह उपलब्ध करने के लिये कि पारस्परिक करारकर्ता राज्य में इस प्रकार मंजूर किये गये स्थायी अनुज्ञाओं या अस्थायी अनुज्ञा-पत्र, इस खण्ड में किये गये करार के अनुसार गृह राज्य के मुक्त जोन में प्रतिहस्ताक्षर के बिना विधिमान्य होंगे, उपर्युक्त नियम बनायेंगे.

6. कॉरीडोर मार्ग :-

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुये कुछ मार्ग एक राज्य में प्रारम्भ और समाप्त होने वाले बिन्दुओं के बीच अन्य राज्य के राज्य क्षेत्र के किसी छोटे भाग में से होकर जाते हैं. अतएव राज्य के मोटरयानों की, जो ऐसी मार्गों पर चलाये जाने के लिए अनुज्ञात हैं, सम्पूर्ण यात्रा पूरी करने के लिए दूसरी राज्य की उस छोटी सी पट्टी से होकर जाना पड़ेगा.

मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (1) के अधीन यह उपबन्धित है कि जहां किसी मार्ग के प्रारम्भ होने वाले बिन्दु और समाप्त होने वाले दोनों बिन्दु एक ही राज्य में स्थित हों किन्तु ऐसे मार्ग का भाग किसी दूसरे राज्य में पड़ता हो और ऐसे मार्ग की लम्बाई सोलह किलोमीटर से अधिक न हो, वहां अनुज्ञा-पत्र मार्ग के उस भाग के सम्बन्ध में जो उस अन्य राज्य में है, अन्य राज्य में इस बात के होते हुए भी कि ऐसे अनुज्ञा-पत्र पर उस दूसरे राज्य के राज्य परिवहन प्राधिकारी या प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर नहीं किया गया है विधिमान्य होगा. उस खण्ड के प्रयोजनों के लिए सोलह किलोमीटर के अनधिक के इस छोटे से भाग को मुक्त कॉरीडोर के रूप में कहा गया है.

विधि के इस विशिष्ट उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए मुक्त कॉरीडोर सुविधा का लाभ उठाने वाले ऐसे यानों के अनुज्ञा-पत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अनुज्ञा-पत्रों को मोटरयान कर के प्रयोजनों के लिए उन अनुज्ञा-पत्रों के समान समझा जाएगा जिन्हें सम्यक् रूप से प्रतिहस्ताक्षरित किया जाता है और वे ऐकल बिन्दु कर के आधार पर अनुज्ञात होंगे. ऐसे मार्गों को समझौते में सम्मिलित हुआ माना जावेगा. परन्तु ऐसे मार्गों पर परमिट देने से पूर्व पारस्परिक करारकर्ता राज्य से मार्ग के औचित्य के सम्बन्ध में टिप्पणी प्राप्त की जावेगी जिसे परस्पर करारकर्ता राज्य द्वारा अस्थायी परमिट के निस्तारण के सम्बन्ध में 20 दिवस तथा स्थायी परमिट के संबंध में 45 दिवस के अन्दर अपनी टिप्पणी देनी होगी और यदि इस अवधि में कोई टिप्पणी नहीं दी जाती है तो यह माना जावेगा कि परस्पर करारकर्ता राज्य उस मार्ग के औचित्य के सम्बन्ध में सहमत है. ऐसे मार्गों पर जारी परमिटों की सूचना करारकर्ता राज्य एक दूसरे को आदान-प्रदान करेंगे. यद्यपि जहां कारीडोर की दूरी सोलह किलोमीटर से अधिक हो वहां ऐसे अनुज्ञा-पत्र पर करार के अनुसार ही प्रतिहस्ताक्षरित किए जायेंगे.

यह और भी करार पाया गया कि जब सभी पारस्परिक करारकर्ता राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा अन्य राज्य के मुक्त कॉरीडोर में वाहन प्रचालन के लिए स्वीकृत किये जाते हैं तो ऐसे अनुज्ञा-पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से यह पृष्ठांकित किया जाएगा कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 की उपधारा (1) के द्वितीय परन्तुक के अधीन अनुज्ञा-पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर अपेक्षित नहीं हैं. जारी करने वाला प्राधिकारी अन्य राज्य के उस प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी की, जिसके क्षेत्र में ऐसा मुक्त कारीडार आता है, ऐसे अनुज्ञा-पत्रों के विवरण प्रख्यापित करेगा जिससे कि उस राज्य के प्राधिकारी अनुज्ञा-पत्र धारकों से यथास्थिति यात्रीकर/मालकर/मोटरयान कर आदि

वसूल करने में समर्थ रहे. ऐसे मुक्त कॉरीडोर के सम्बन्ध में पारस्परिक करारकर्ता राज्य के करों की वसूली करने में अनुज्ञा-पत्र स्वीकृति करने वाला परिवहन प्राधिकारी समस्त सम्भवरीति में सहायता भी करेगा.

7. **करों के संदाय का ढंग-**

(क) अनुज्ञा-पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि किसी अस्थाई अनुज्ञा-पत्र या विशेष अनुज्ञा-पत्र को जारी करने के पूर्व पारस्परिक करारकर्ता राज्य के समस्त कर अग्रिम रूप से भारतीय स्टेट बैंक के नाम पर लिखे गये डिमाण्ड ड्राफ्ट कर संग्रह केन्द्रों द्वारा संदत्त कर दिये गये हैं यद्यपि दोनों में कोई भी राज्य यथास्थिति चेक पोस्टों पर अपने करों की वसूली की अपेक्षा कर सकेगा.

(ख) प्रत्येक डिमाण्ड ड्राफ्ट का क्रमांक और रकम जिसके माध्यम से प्रचालक द्वारा अन्य राज्यों के करों को प्रेषित किया जा चुका है. अस्थायी अनुज्ञा-पत्र/विशेष अनुज्ञा-पत्र के मुख्य पृष्ठ पर स्पष्ट रूप से पृष्ठांकित की जाएगी.

(ग) समस्त अस्थायी अनुज्ञा-पत्रों तथा विशेष अनुज्ञा-पत्रों की प्रतियां भारतीय स्टेट बैंक के नाम लिये गये डिमाण्ड ड्राफ्टों अन्य सुसंगत जानकारी के साथ निम्नलिखित निदर्शन-पत्र (प्रोफार्मा) में सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकारी, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को तुरन्त भेजी जायेगी और छत्तीसगढ़ की दशा में ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्रों/विशेष अनुज्ञा-पत्रों की प्रतियां मासिक अन्तराल पर डिमाण्ड ड्राफ्टों के साथ परिवहन आयुक्त रायपुर छत्तीसगढ़ को भेजी जायेगी.

अनुक्रमांक	यान के स्वामी का नाम तथा पता	अनुज्ञा-पत्र क्रमांक तथा यान क्रमांक	यान का सकल यान भार तथा यान की क्षमता	अनुज्ञा-पत्र की वैधता तारीख, से	तक	बैंक ड्राफ्ट की संख्या और धनराशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

8. **अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी करने के लिए सामान्य सहमति-**

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 (7) उपबंधित करती है कि धारा 88 (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी एक प्रदेश का प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी धारा 87 के अधीन अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जो दूसरे राज्य में विधिमान्य होगा उस राज्य के राज्य परिवहन प्राधिकारी की सहमति से साधारणत: या विशिष्ट अवसर के लिए जारी कर सकेगा.

विधि के इस विशिष्ट उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए यह करार पाया गया है कि दोनों राज्यों के राज्य परिवहन प्राधिकारी इस करार के खण्ड 3, 5 तथा 7 के अनुसरण में आवश्यकतानुसार मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (1) के अधीन प्रतिहस्ताक्षर की अपेक्षा के बिना मालयान और ठेका गाड़ियों (ओमनी बसों और मोटर कैबों) के लिए अस्थाई अनुज्ञा-पत्र जारी करने के लिए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 (7) के अधीन सामान्य सहमति प्रदान करते हैं.

9. **सामान्य**

(एक) व्यतिकारी राज्य, इस करार के अनुसार अन्तर्राज्यिक मार्गों पर चल रहे यानों के सम्बन्ध में दोनों राज्यों में से प्रत्येक की सुसंगत नियमावली के अधीन जारी कर, टोकनों, चालक और परिचालक अनुज्ञप्ति परिवहन यान प्राधिकार और स्वस्थता प्रमाण-पत्र को मान्यता प्रदान करेंगे.

(दो) यह करार ऐसे समय तक विधिमान्य रहेगा जब तक दोनों राज्यों के बीच कोई नया करार नहीं हो जाता है. तथापि यह करार किसी भी राज्य द्वारा छह माह की नोटिस जारी करने के पश्चात् विखण्डित किया जा सकता है. यह करार प्रत्येक वर्ष या दोनों में से किसी भी राज्य के परिवहन प्राधिकारी के अनुरोध पर पुनरीक्षण के लिए खुला रहेगा.

(तीन) बकाया वसूली- दोनों राज्यों द्वारा जारी ऐसी अनुज्ञायें जिसका प्रतिहस्ताक्षर परस्पर राज्यों द्वारा किया गया है और यदि ऐसे अनुज्ञाधारी अन्य राज्य के करों का नियमानुसार भुगतान न करने पर बकायादार हो जाते हैं एवं वाहन का संचालन बन्द कर देते हैं, ऐसे बकायादारों से कर की वूसली में दोनों राज्य एक दूसरे राज्यों के बकाया करों की वूसली में सहयोग करेंगे.

(चार) पारस्परिक करार के अंतिम होने के पश्चात् नवनिर्मित उद्भूत होने वाले मार्गों तथा परिवहन की बढ़ती आवश्यकता को दृष्टिगत ऐसे मार्गों को समझौते में सम्मिलित करने के संबंध में दोनों राज्यों के प्रमुख सचिव आपसी सहमति से निर्णय ले सकेंगे तथा इस प्रकार लिया गया निर्णय इस समझौते का अंश समझा जावेगा.

(पांच) स्थाई तथा अस्थाई यात्री वाहनों की अनुज्ञा के संबंध में दोनों राज्यों द्वारा यह भी करार पाया गया कि परस्पर जारी किये जाने वाले अनुज्ञाओं के मार्ग की कुल दूरी प्रथम से द्वितीय बिन्दु तक 100 किलोमीटर से ज्यादा हो तो ऐसी अनुज्ञा 35+2 से अधिक की बैठक क्षमता वाली यात्री वाहनों को ही स्वीकृत किये जायेंगे, ताकि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा का ध्यान रखा जा सके.

जिसके साक्ष्य में इसके पक्षकारों ने प्रथम ऊपर उल्लिखित दिनांक को इस करार पर हस्ताक्षर कर दिये हैं.

हस्ता./-
(एम. के. राय)
प्रमुख सचिव,
परिवहन विभाग,
मध्यप्रदेश सरकार.

हस्ता./-
(वाय. के. एस. ठाकुर)
विशेष सचिव,
परिवहन विभाग,
छत्तीसगढ़ सरकार.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के लिए और उनकी ओर से

साक्षी

हस्ता./-
(एन. के. त्रिपाठी)
परिवहन आयुक्त
मध्यप्रदेश.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के लिए और उनकी ओर से

साक्षी

हस्ता./-
(बी. एल. ध्रुव)
सहायक परिवहन आयुक्त
छत्तसीगढ़.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक जुनेजा, विशेष सचिव.

परिशिष्ट "अ"

क्रमांक	मार्ग	दूरी कि. मी. में			प्रस्तावित फेरों की संख्या		अनुज्ञा-पत्रों की निर्धारित संख्या		कुल कि. मी. संचालित		टिप्पणी
		छत्तीसगढ़	मध्यप्रदेश	कुल कि. मी.	छत्तीसगढ़ राज्य के लिए	मध्यप्रदेश राज्य के लिए	छत्तीसगढ़ राज्य के लिए	मध्यप्रदेश राज्य के लिए	छत्तीसगढ़ द्वारा मध्यप्रदेश में संचालन	मध्यप्रदेश द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालन	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
1.	दुर्ग से रजेगांव व्हाया धमधा खैरागढ़, लांजी	88	72	160	02	02	01	01	144	176	
2.	सिवनी से रायपुर व्हाया कटंगी, बारासिवनी, बालाघाट, बैहर.	128	215	343	04	04	04	04	860	512	
3.	रायपुर से शहडोल व्हाया कोटा, केंवची, अमरकंटक.	235	110	345	04	02	04	02	440	470	
4.	बिलासपुर से जबलपुर व्हाया मुंगेली, पंडरिया, चिल्फी, मंडला.	113	228	341	02	04	02	04	456	452	
5.	कोरबा से जबलपुर व्हाया चांपा, बिलासपुर, मुंगेली, पण्डरिया, चिल्फी, मण्डला.	235	228	463	02	02	02	02	456	470	
6.	पेण्ड्रारोड (गोरिल्ला) से डिंडोरी व्हाया कबीरचबूतरा, केंवची.	36	93	129	02	04	01	02	186	144	
7.	मनेन्द्रगढ़ से डिंडोरी व्हाया राजनगर, अनूपपुर, गाड़ासराई.	10	153	163	02	04	01	02	306	40	
8.	रींवा से मनेन्द्रगढ़ व्हाया गोविन्दगढ़, व्योहारी, शहडोल.	10	295	305	02	02	02	02	590	20	
9.	रींवा से अंबिकापुर व्हाया मनेन्द्रगढ़, गोविन्दगढ़, व्योहारी, शहडोल.	123	295	418	02	02	02	02	530	246	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
10.	रायगढ़ से रींवा व्हाया पत्थलगांव, अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़, गोविन्दगढ़, व्योहारी, शहडोल.	336	295	631	02	02	02	02	590	672	
11.	मंडला से कवर्धा	60	95	155	06	10	03	05	570	600	
12.	मंडला से रायपुर व्हाया चिल्फी, कवर्धा, बेमेतरा.	177	95	272	06	08	03	04	570	1416	
13.	जबलपुर से रायपुर व्हाया मंडला, चिल्फी, कवर्धा.	177	192	369	04	06	04	06	768	1062	
14.	शहडोल से जनकपुर व्हाया जयसिंग नगर	16	81	97	02	02	01	01	162	32	
15.	दुर्ग से जबलपुर व्हाया बेमेतरा, कवर्धा, मंडला	197	192	389	02	02	02	02	384	394	
16.	रायपुर से जबलपुर व्हाया गोंदिया, सिवनी	136	274	506	02	02	02	02	548	272	महाराष्ट्र 96
17.	मलाजखण्ड से दुर्ग व्हाया सालेटेकरी, धमधा	106	40	146	04	04	02	02	160	424	
18.	अम्बिकापुर से बेढ़न व्हाया प्रतापपुर, वाड्रफनगर, बलंगी.	152	23	175	04	02	02	01	92	304	
19.	रामानुजगंज से बेढ़न व्हाया वाड्रफनगर, बलंगी	117	23	140	04	02	02	01	92	46	
20.	शहडोल से कोटाड़ोल व्हाया जनकपुर, भगवानपुर.	47	80	127	04	04	02	02	320	188	
21.	मोहगांव से दुर्ग व्हाया सालेटेकरी, गढ़ई, धमधा	115	40	155	04	06	02	03	160	690	
22.	मनेन्द्रगढ़ से अमरकंटक व्हाया राजनगर, मरवाही, पेड्रा, केंवची.	10	90	100	04	04	02	02	360	40	
23.	भानुप्रतापपुर से बैहर व्हाया दल्ली, बालोद, राजनांदगांव, गढ़ई, सालेटेकरी.	210	59	269	06	02	06	02	354	420	
24.	दुर्ग से बालाघाट व्हाया धमधा, सालेटेकरी	120	128	248	06	04	03	02	768	480	
25.	दुर्ग से बैहर व्हाया सालेटेकरी, धमधा	120	55	175	04	02	02	01	220	240	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
26.	रायपुर ने मण्डला व्हाया कुम्हारी, धमधा, साल्हेटेकरी, बैहर.	131	168	299	04	04	04	04	672	524	
27.	रायपुर से जबलपुर व्हाया कुम्हारी, धमधा, साल्हेटेकरी, बैहर, मण्डला, निवास, कुण्डम.	131	255	386	02	04	02	04	510	524	
28.	पेण्ड्रारोड से अनूपपुर व्हाया अमरकंटक	70	55	125	06	06	03	03	330	420	
29.	पेण्ड्रारोड से चाका व्हाया मरवाही, राजनगर, बिजुरी, कोतमा.	67	53	120	02	02	01	01	106	134	
30.	पेण्ड्रारोड से कोतमा व्हाया मरवाही, राजनगर, बिजुरी.	67	38	105	10	06	05	03	380	402	
31.	पेण्ड्रारोड से धुरवासीन व्हाया मरवाही, राजनगर, बिजुरी, कोतमा.	67	57	124	04	04	02	02	228	268	
32.	पेण्ड्रारोड, से केल्हारी व्हाया मरवाही, राजनगर, बिजुरी.	67	54	121	04	04	02	02	216	268	
33.	पेण्ड्रारोड से करंजीया व्हाया केंवचीं, अमरकंटक.	40	20	60	04	04	04	04	80	160	
34.	शहडोल से पेंड्रा व्हाया बैंकटनगर	26	88	114	02	06	01	03	176	156	
35.	शहडोल से पेंड्रारोड व्हाया बुढ़ार, जैतहरी, बैकंटनगर.	20	88	108	02	08	01	04	176	160	
36.	शहडोल से मनेन्द्रगढ़ व्हाया बुढ़ार, अनूपपुर, राजनगर, रामनगर.	10	147	157	10	50	05	25	1470	500	
37.	पेंड्रारोड से अनूपपुर व्हाया वैंकटनगर, जैतहारी	26	40	66	06	12	03	06	240	312	
38.	जनकपुर से जयसिंग नगर व्हाया बुढ़वा, पचपेढ़ी	16	101	117	02	06	01	03	202	96	
39.	सीधी से जनकपुर व्हाया चोपाल, मढ़वास, हरदी, माड़ीसरायी, देवगढ़.	22	105	127	02	06	01	03	210	132	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
40.	सीधी से मनेन्द्रगढ़ व्हाया चौपाल मड़वास, पोंड़ी, पटेहरा, माड़ीसरई, देवगढ़, जनकपुर, केल्हारी, बिजुरी, राजनगर, खोगांपानी, झगराखण्ड.	96	191	287	02	06	01	03	382	576	
41.	मनेन्द्रगढ़ से अनूपपुर व्हाया राजनगर, मरवाही, पेंड्रा, वैंकटनगर.	84	40	124	06	02	03	01	240	168	
42.	व्यवहारी से जनकपुर व्हाया बनसील	17	58	75	02	06	01	03	116	102	
43.	शहडोल से मरवाही व्हाया अनूपपुर, वैकंटनगर, पेंड्रा.	55	88	143	04	06	02	03	352	330	
44.	बिलासपुर से मनेन्द्रगढ़ व्हाया कोटा, पेंड्रा, मरवाही, राजनगर.	205	22	227	06	02	06	02	132	410	
45.	पेंड्रारोड से मनेन्द्रगढ़ व्हाया मरवाही, राजनगर	64	22	86	12	02	06	01	264	128	
46.	शहडोल से तिलोखन व्हाया बुढ़ार, अनूपपुर, कोतमा, राजनगर.	38	107	145	02	04	01	02	214	152	
47.	फूलसागर से रायपुर व्हाया मंडला, बैहर, मलाजखण्ड, सालेटेकरी.	128	149	277	02	04	01	02	298	512	
48.	बालाघाट से कवर्धा व्हाया बैहर, गढ़ई	102	128	230	02	04	01	02	256	408	
49.	पेण्ड्रारोड से नागपुर व्हाय पेण्ड्रा, कोटमी, दानीकुण्डी, मरवाही, बरोर, आमादाण्ड, राजनगर, मनेन्द्रगढ़.	95	22	117	04	04	02	02	88	360	
50.	पेण्ड्रारोड से केसवाही व्हाया पेण्ड्रा, कुदरी, कोटमी, दानीकुण्डी, मरवाही, बरटोला, बरोर, आमादाण्ड, बेलिया, कोतमा, सिमरिया.	64	53	117	04	04	02	02	212	256	
51.	लखनघाट से अमरकंटक व्हाया सिवनी, धनपुर, पेण्ड्रा, पेण्ड्रारोड, केंवची.	86	04	90	04	02	02	01	16	172	
52.	पेण्ड्रारोड से कोतमा व्हाया धनपुर, सिवनी, मरवाही, आमादाण्ड, बिजुरी.	64	36.	100	04	02	02	01	144	128	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
53.	पेण्ड्रारोड से हरदी व्हाया बैंकटनगर, जेतहरी, अनूपपुर, धनपुरी, बुढ़ार.	30	74	104	02	04	01	02	148	120	
54.	करपा से पेण्ड्रारोड व्हाया अमरवाह, राजेन्द्रनगर, करसाघाट.	19	67	86	02	04	01	02	134	76	
55.	पेण्ड्रारोड से शहडोल व्हाया सिवनी, जेतहरी, अनूपपुर, बुढ़ार.	31	84	115	02	04	01	02	164	124	
56.	पेण्ड्रारोड से बेनीबारी व्हाया बैंकटनगर, जेतहरी, अनूपपुर, राजेन्द्रग्राम.	21	111	133	04	04	02	02	444	84	
57.	पेण्ड्रारोड से खाटी व्हाया करंगरा, पोडकी, अमरकंटक, करंजिया.	19	43	62	02	04	01	02	86	76	
58.	परासी से अनूपपुर व्हाया मरवाही, कोतमी, पेण्ड्रारोड, बैकटनगर, जैतहारी.	76	34	110	02	02	01	01	68	152	
59.	पेण्ड्रारोड से कोतमा व्हाया पेण्ड्रा, सिवनी, चोलना, भालूमाडा.	62	38	100	02	02	01	01	76	124	
60.	मनेन्द्रगढ़ से निवास व्हाया झगराखाण्ड, लेदरी, रामनगर, बिजुरी, केल्हारी, जनकपुर, माडीसरई, मडवास.	111	90	201	02	04	02	04	180	444	
61.	कोतमा से करंजिया व्हाया भालूमाडा, जमुना, चोलना, सिवनी, निमधा, धनपुर, पेण्ड्रा, पेण्ड्रारोड, केवंची, अमरकंटक.	77	60	137	04	04	02	02	240	308	
62.	भगवानपुर से बेढन व्हाया वाड्रफनगर, बलंगी	117	23	140	04	04	02	02	92	468	
63.	राजनांदगांव से तिरोडी रेल्वेस्टेशन व्हाया खैरागढ़, लांजी, बालाघाट, बारासिवनी.	77	160	237	02	04	02	04	320	308	
64.	कोरबा से अनूपपुर व्हाया कटघोरा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़.	180	61	241	04	04	04	04	244	720	
65.	पेण्ड्रारोड से गोपालपुर व्हाया केंवची, अमरकंटक.	40	50	90	04	04	02	02	200	160	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
66.	अंबिकापुर से अनूपपुर, व्हाया बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़.	134	61	215	02	02	01	01	122	268	
67.	पेण्ड्रारोड से बजाग व्हाया केंवची, अमरकंटक करंजिया.	40	60	100	04	04	02	02	240	160	
68.	बिलासपुर से अनूपपुर व्हाया कोटा, केवंची, पेण्ड्रारोड, बैकंटनगर.	145	37	182	04	04	02	02	148	580	
69.	भर्रीडांड से पडोर व्हाया दानीकुण्डी, मरवाही, बरोर, आमादाण्ड, प्यारी, भालूमाडा, कोतमा, बदारा, जमुना, परासी.	52	30	82	04	00	02	00	120	00	
70.	शहडोल से मरवाही व्हाया राजनगर, झिरियाटोला, आमादाण्ड, बरतरई, जनकपुर.	31	107	138	02	04	01	02	214	124	
71.	जयसिंगनगर से कोटाडोल व्हाया कुबरी, अमझोर, सीधी, जनकपुर.	24	50	74	02	04	01	02	100	96	
72.	शहडोल से गौरखपुर व्हाया धनपुर, राजेन्द्रग्राम, लालाटोला, बेनीबारी, गाढासरई.	19	111	130	02	04	01	02	222	76	
73.	मनेन्द्रगढ़ से लीलाटोला व्हाया खोंगापानी, राजनगर, कोतमा, बदरा, पंसला, अनूपपुर.	13	111	124	02	04	01	02	222	52	
74.	अनूपपुर से गौरेल्ला व्हाया जैतहारी, बैंकठनगर	20	38	58	02	04	01	02	76	80	
75.	दुर्ग से जबलपुर व्हाया धमधा, मलाजखण्ड	106	262	368	02	02	02	02	524	212	
76.	बेढन से वाड्रफनगर	30	35	65	06	10	03	05	390	300	
77.	मण्डला से पेण्ड्रारोड व्हाया डिंडोरी, गाडासरई, गोखपुर, करंजिया, अमरकंटक, केंवची.	38	184	222	02	02	02	02	368	76	
78.	डिंडोरी से कोरबा व्हाया गाडासरई, गोरखपुर, अमरकंटक, पेण्ड्रारोड, पंसान, जडगा, कटघोरा.	178	84	262	02	02	02	02	168	356	
79.	डिंडोरी से बिलासपुर व्हाया गाढासरई, गोखपुर, करंजिया, अमरकंटक, केवंची, करगीरोड.	117	84	201	02	02	02	02	168	234	
80.	केशवाही से अमरकंटक व्हाया अनूपपुर, जैतहारी, बैंकठनगर, पेण्ड्रारोड, केंवची.	58	82	140	02	02	01	01	164	116	
81.	केशवाही से पेण्ड्रारोड व्हाया अनूपपुर, जैतहारी, बैंकठनगर.	20	80	100	02	02	01	01	160	40	

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 मार्च 2007

क्रमांक 692/पं. ग्रा. वि. वि./22/2007.—- भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी (राजपत्रित) सेवा की भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

नियम

1. <u>संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ</u> – (1) ये नियम छत्तीसगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी (राजपत्रित) सेवा, भर्ती नियम, 2006 कहलाएंगे ।

(2) ये नियम "छत्तीसगढ़ राजपत्र" में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे ।

2. <u>परिभाषाएं</u>:— इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, शासन,

(ख) "आयोग" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग,

(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम 11 के अंतर्गत् भर्ती के लिये संचालित की गई प्रतियोगिता परीक्षा,

(घ) "शासन" से अभिप्रत है, छत्तीसगढ़ शासन,

(ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल,

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों में संलग्न अनुसूची,

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अंतर्गत् इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति,

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत् इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति,

(झ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर संशोधित तथा छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5 पच्चीस–4–84, दिनांक 26.12.84 में यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़ा वर्ग ।

(ञ) "सेवा" से अभिप्रेत है, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी राजपत्रित सेवा, श्रेणी 1 तथा 2 ।

(ट) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य,

3. <u>विस्तार तथा लागू होना</u>:— छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 में दिये गये उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम इस सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे ।

4. <u>सेवा का गठन</u>:— सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—
(1) इन नियमों के प्रारंभ के समय अनुसूची में उल्लेखित पदों पर मौलिक/स्थानापन्न रूप से नियुक्त व्यक्ति,

(2) इन नियमों के लागू होने से पूर्व सेवा में भर्ती किये गये व्यक्ति,

(3) इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये व्यक्ति,

5. <u>वर्गीकरण, वेतनमान आदि</u> :— सेवा का वर्गीकरण, उसके लिए वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या इससे संलग्न अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट अनुसार होगी,

परन्तु, शासन सेवा में होने वाले पदों की संख्या में समय–समय पर या तो स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा ।

6. <u>भर्ती का तरीका</u>:—
(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से किया जायेगा, अर्थात् :—

(क) प्रतियोगी परीक्षा / चयन द्वारा सीधी भर्ती द्वारा,

(ख) छत्तीसगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (अन्य कैडर) में अनुसूची चार के कालम (2) में विनिर्दिष्ट किये गये, सेवा में सदस्यों के पदोन्नति द्वारा,

(ग) अनुसूची 2 में दर्शाये अनुसार ऐसे सेवाओं में ऐसे पदों को मौलिक रूप से धारित व्यक्तियों के स्थानांतर द्वारा,

(2) उपनियम (1) के खण्ड (ख) अथवा खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या किसी भी समय अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट यथोचित पदों की संख्या के साथ अनुसूची दो में दर्शाये गये प्रतिशत् से अधिक नहीं होगी ।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन भर्ती की किसी भी विशेष कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा के किसी भी विशेष पद या पदों को भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर शासन द्वारा आयोग के परामर्श से निश्चित की जायेगी ;

(4) उपनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि शासन की राय में सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक होने पर, शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती संबंधी उन तरीकों को छोड़ जिनका उक्त उपनियम में उल्लेख किया गया है, ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगा, जो शासन द्वारा इस संबंध में जारी किये गये आदेश द्वारा निर्धारित किये जावें ।

7. <u>सेवा में नियुक्ति</u>:- इन नियमों के प्रारंभ होने के बाद सेवा में समस्त नियुक्तियां शासन द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जावेगी, अन्यथा नहीं ।

8. <u>सीधी भर्ती किये जाने वाले उम्मीद्वारों की पात्रता संबंधी शर्तें</u> – परीक्षा में स्पर्धा करने /चयन किये जाने के लिए, पात्र होने के लिए उम्मीद्वार को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी चाहिए, अर्थात्

(एक) <u>आयु</u> –

(क). चयन प्रारंभ होने की तारीख के बाद आने वाली पहली जनवरी को उसने अपनी आयु के उतने वर्ष पूरे कर लिये हों, जितने कि अनुसूची तीन के कॉलम 3 में उल्लिखित हैं, किन्तु उतने वर्ष पूरे न किये हों जितने कि अनुसूची तीन के कॉलम 4 में उल्लिखित है,

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो आयु की अधिकतम सीमा में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ग) उन अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा में जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों अथवा कर्मचारी रह चुके हों, निम्नलिखित सीमा तक तथा निम्नलिखित शर्तों के अधीन छूट दी जाएगी :–

(1) ऐसा अभ्यर्थी, जो शासन का स्थायी अथवा अस्थाई कर्मचारी हो 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होनी चाहिए,

(2) ऐसा अभ्यर्थी, जिसमें कार्यभारित कर्मचारी, आकस्मिकता से वेतन पाने वाला व्यक्ति तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में नियोजित व्यक्ति सम्मिलित है, जो अस्थाई रूप से पद धारण करता है तथा किसी अन्य पद के लिए आवेदन करता है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए,

(3) जो आदिम जाति, हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पुरस्कृत हो चुके हो, सामान्य श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी के लिए अधिकतम् आयु सीमा में अधिक से अधिक पांच वर्ष तक शिथिल की जाएगी,

(4) उम्मीद्वार जो छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की अवधि, भले ही वह अवधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुमति दी जावेगी, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम् आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हों,

स्पष्टीकरण:– शब्द 'छटनी किये गये शासकीय कर्मचारी' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से हैं, जो इस राज्य अथवा किसी भी संगठक इकाई की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः माह तक निरंतर रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अथवा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो ।

(5) परिवार कल्याण योजना के अंतर्गत् ग्रीड कार्ड धारित अभ्यर्थी के लिए भी अधिकतम् आयु सीमा में 2 वर्ष तक शिथिल की जावेगी।

(6) सीधी भर्ती द्वारा समस्त पदों में नियुक्त किए जाने के लिए महिला उम्मीदवारों के लिये भी आयु अधिकतम् 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी। परंतु विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला उम्मीद्वार को आवश्यक रूप से योग्यता एवं पात्रता रखने पर सीधी भर्ती के अंतर्गत् नियुक्ति के लिए आवेदन करने पर सामान्यतः अधिकतम् आयु सीमा में 5 वर्ष के अतिरिक्त छूट का लाभ दिया जाएगा।

(घ) ऐसे अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में दी गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कार्यावधि कम करने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम् आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो ।

स्पष्टीकरणः— शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की अवधि तक निरंतर सेवा करता रहा हो तथा जिसका किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा, आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक घोषित किया गया हो :—

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें मस्टरिंग आउट कन्सेशन के अधीन मुक्त कर दिया गया हो,

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिकों जिन्हें दुबारा भरती किया गया हो और जिन्हें (क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर, (ख) भर्ती संबंधी शर्तें पूर्ण हो जाने पर सेवा मुक्त कर दिया गया हो,

(तीन) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कर्मचारी,

(चार) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिनमे अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी सम्मिलित है जो उनकी संविदा पूर्ण होने पर सेवामुक्त किये गये हों।

(पाँच) अवकाश रिक्तियों पर 6 माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के बाद सेवामुक्त किये गये अधिकारी,

(छः) अक्षमता के कारण सेवा से अलग कर दिये गये भूतपूर्व सैनिक,

(सात) अक्षमता के कारण सेवा से अलग कर दिये गये भूतपूर्व सैनिक,

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिनको गोली लग जाने तथा घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हों।

— विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी के लिए अधिकतम् आयु सीमा अधिक से अधिक पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

— राज्य निगम /मंडल के कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा ३८ वर्ष तक की आयु सीमा तक शिथिलनीय होगी।

— स्वयं सेवी नगर सैनिको एव अनायुक्त अधिकारियों जो उनके द्वारा पूर्ण की गई नगर सेना सेवा मे उनके द्वारा दी गई सेवा के पूरे वर्षों के अधिकतम् कालावधि तक शिथिलनीय होगी। उपर्युक्तानुसार छूट की सीमा 8 वर्ष होगी अर्थात् ऐसी छूट देने पर संबंधित नगर सैनिक/अनायुक्त अधिकारी की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

टीप:- उपनियम (1) के खण्ड (घ) के उपखण्ड (1) एवं (2) में दर्शाये आयु संबंधी रियायतों के अंतर्गत् जिन अभ्यर्थियों को चयन के योग्य माना गया हो वे यदि आवेदन पत्र भरने के पश्चात् चयन के पहले अथवा बाद में सेवा से त्यागपत्र दे दें तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे तथापि, यदि आवेदन पत्र भरने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छटनी की जाये तो नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे। किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जाएगी। विभागीय अभ्यर्थी को चयन हेतु उपस्थित होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिए।

(झ) उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू रहेंगे।

(दो) <u>शैक्षणिक अर्हताएं</u> :- अभ्यर्थी के पास सेवा के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए जैसा कि अनुसूची तीन के कालम (5) में विनिर्दिष्ट की गई है।

(क) अपवादिक मामले में आयोग, शासन की सिफारिश पर, ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह समझ सकेगा, यद्यपि जिसके पास इस खण्ड में विहित किये गये कोई अर्हता नहीं है, अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित किये गये मानक द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिसको आयोग की राय में चयन के लिए, परीक्षा के लिए अभ्यर्थी के प्रवेश को न्यायोचित ठहराया जाता हो, और

(ख) आयोग के निर्देशन में परीक्षा के लिए प्रवेश / चयन के लिए भी ऐसे उम्मीदवारों के मामले पर विचार कर सकेगा, जो अन्यथा अर्ह हो किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की हो जो शासन द्वारा विशिष्ट रूप से मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय न हो।

(तीन) फीसः– अभ्यर्थी को आयोग द्वारा विहित किये गये फीस का भुगतान करना होगा ।

